भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय / MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 29.12.2023

20 वीं ऑल इंडियन रेलवे जम्बूरेट तिरुचिरापल्ली में एमसीएफ लेगा भाग

दक्षिण रेलवे के द्वारा 20 वीं ऑल इंडियन रेलवे, जम्बूरेट तिरुचिरापल्ली में दिनांक 05.01.2024 से 09.01.2024 तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिला एमसीएफ रायबरेली से उत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का प्रतिनिधित्व करने के लिए श्रीमती शबीना बानो, गाइड लीडर एवं श्री रामसन अग्रहरी स्काउट लीडर के नेतृत्व में 20 स्काउट्स, गाइड्स, रोवेर्स, रेंजर्स जा रहे है ।

इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला एमसीएफ रायबरेली के सभी स्काउट्स, गाइड्स, रोवेर्स, रेंजर्स एवं लीडर्स दिनांक 29.12.2023 को आरेडिका रायबरेली से तिरुचिरापल्ली के लिए रवाना होंगे । इस राष्ट्रीय स्तर के शिविर में जाने को लेकर सभी स्काउट्स एवं गाइड्स बहुत ही उत्साहित है । इस शिविर प्रतियोगिता में जिला आरेडिका रायबरेली को तोरण द्वार बनाने एवं बैंड डिस्प्ले करने का विशेष कार्यभार दिया गया है ।

इस शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें मुख्य फिजिकल डिस्प्ले, स्टैंडर्ड जजिंग कॉम्पिटिशन के तहत कैंप क्राफ्ट ,पायनीयर प्रोजेक्ट, प्राथमिक चिकित्सा, सिग्नलिंग, एस्टिमेशन, कूकिंग, कैंप फायर, लोक नृत्य, देशभक्ति गीत, राज्यवार प्रदर्शनी, मार्चपास्ट, बैंड डिस्प्ले, झांकी प्रदर्शन इत्यादि हैं। इस प्रकार के बड़े कैंप से स्काउट एवं गाइड में नेतृत्व की भावना तथा जीवन में अनुशासन सहित सर्वांगीण विकास का अवसर प्राप्त होता है ।

इस कैंप को लेकर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला एमसीएफ रायबरेली के जिला आयुक्त श्री नंदकिशोर वर्मा, उप मुख्य गुणवत्ता प्रबन्धक के द्वारा विशेष रूप से प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

29/12/2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी